महाराजा सूरजमल को दी श्रद्धांजलि

हिण्डौन। जाट समाज चौरासी कि ओर से जाट छात्रावास हिण्डौनसिटी में श्रृद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया । जाट समाज चौरासी मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि जिसकी अध्यक्षता जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी ने की । गजानंद ने हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल को श्रृद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

महामंत्री देवीसिंह सोलंकी ने कहा कि महाराजा सूरजमल का जन्म 13 फरवरी 1707 को हुआ पिता का नाम बदन सिंह था और माता का नाम महारानी देवकी था जिन्होंने जितने भी युद्ध लड़े उस सभी को जीता , एक भी युद्ध नहीं हारे । श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल को जाट समाज चौरासी बरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिसिंह, कोषाध्यक्ष विजय सिंह डागुर, जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सोलंकी, उपाध्यक्ष गोविंद सिंह जाट, कैलाशी क्यारदाखुर्द, महू ब्रांच अध्यक्ष भगवान सिंह, महामंत्री कप्तान सिंह तोमर , कु गोविंद सिंह बैनीवाल, भागमल चौधरी , जाट समाज चौबीसा महामंत्री तेज सिंह डागुर, प्रताप बैनीवाल, कुम्हेर सिंह सोलंकी, जलसिंह, भरत पहलवान, धर्मराज जाट , महेंद्र चौधरी, गणेश धुरसी , रामोतार रेवई, अन्तुलाल , समय सिंह सनेट, रामप्रताप, अशोक बैनीवाल, डॉ वीरेंद्र तेवतिया,महेश डागुर, भरत लाल डागुर सहित उपस्थित सरदारी ने श्रृद्धांजलि दी ।

जनप्रतिनिधियों ने पुष्पाजंलि अर्पित कर अजेय योद्धा को किया नमन

भरतपुर (निस)। महाराजा सूरजमल के 261 वें बलिदान दिवस पर आयोजित शौर्य यात्रा में घोड़ों पर सवार रौबीले जवान, बग्गियों में बैठे श्रीकृष्णा-राधा व महाराजा सूरजमल के प्रतीक कलाकार, सिर पर कलश धारण किये महिलाओं की टोली, गाजे बाजे के साथ सजीव प्रस्तुति देती सजे धजे लोक कलाकारों की मंड़ली के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई शौर्य यात्रा से भरतपुर की लोक संस्कृति जीवंत हो उठी।

■ **महाराजा सूरजमल चौराहे से किला स्थित किशोरी महल तक जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा भव्य यात्रा का आयोजन किया**

महाराजा सूरजमल के 261 वें बलिदान दिवस पर अधिकारियों ने पुष्पाजंलि अर्पित की।

महाराजा सूरजमल चौराहे से किला स्थित किशोरी महल तक जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा भव्य यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों, लोक कलाकारों ने भाग लिया, शौर्य यात्रा का स्थानीय संगठनों एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया।

शौर्य यात्रा को महाराजा सूरजमल चौराहे से अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी एवं उप निदेशक पर्यटन संजय जौहरी ने हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा कलेक्ट्रेट, बिजलीघर चौराहे, मथुरा गेट मुख्य बाजार होते हुये चौबुर्जा से किला स्थित किशोरी महल पहुँची। किशोरी महल के सामने लोक कलाकारों द्वारा सामुहिक प्रस्तुति दी गई। महाराजा सूरजमल स्मारक पर पहुँचकर ऐतिहासिक तथ्यों के बारे में पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को बताया। किशोरी महल के पास सेंड आर्ट के प्रसिद्ध कलाकार अजय रावत ने महाराजा सूरजमल का चित्र, भरतपुर का किला, विश्वप्रसिद्व केवलादेव पार्क का हुबहू चित्रांकन किया जिसे देखने बडी संख्या में प्रत्येक आयुवर्ग के नागरिक पहुँचे। शौर्य यात्रा का शहर के बाजारों में स्थानीय सामाजिक संगठनों, व्यापारियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सभी कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुये व्यापारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा से उत्साहवर्धन किया।

पूर्व सांसद ने रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

करौली । सैनिक योगेंद्र सिंह कि पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर के दौरान सपोटरा के विधायक और पूर्व सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर रक्तदाताओं का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मंडरायल कस्बे के बाबा पैलेस में सैनिक योगेंद्र सिंह कि पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया,सपोटरा के विधायक हंसराज मीणा,लोकसभा की प्रत्याशी इंदु देवी जाटव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमे'ा राजौरिया, करौली नगर सभापति प्रतिनिधि मुकेश पचैरी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश मीणा, डॉ. आरएल कोहली, भाजपा नेता अशोक पाठक, एडवोकेट ऊधौसिंह,करौली राजपूत सभा अध्यक्ष चैरजी सिंह, अध्यापक नरेन्द्र सिंह जादौन,अजय पाल, मान प्रकाश शुक्ला,वीरेंद्र मित्तल,मुके'ा सोनी सहित कई अन्य समाजों के प्रमुख लोगों सैनिक योगेंद्र सिंह के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धा से याद किया।

सार-समाचार

महाराजा सूरजमल को याद किया

भरतपुर (निस)। भरतपुर के संस्थापक महाराजा सूरजमल के 261वें बलिदान दिवस पर हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। व्यायामशाला के संचालक वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार के पूर्व डायरेक्टर चुन्नी कप्तान ने उनके द्वारा कियके गये युद्ध कौशल, शौर्य पराक्रम, देश धर्म की रक्षा त्याग की चर्चा की। अन्य वक्ताओं में जिला जाट सभा के अध्यक्ष बाबूसिंह रेंजर, रिटा. कमाडेंट ओमवीर सिंह, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, राजाराम भूतोली, बलवीर सिंह सिनसिनी, सरस के पूर्व मैनेजर सरनाम सिंह, भरत गादोली, रमेश पाठक, संजय चंदेला, दामोदर डागुर, सेवादल के ब्रजेश शर्मा, जगत सिंह पहलवान धरसोनी, जीवनलाल शर्मा, रमेश सतीजा, अर्जुन कोच मलाह व बलराम, ओमप्रकाश ठाकुर प्रमुख थे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर महाराजा सूरजमल अमर रहे के नारे लगाये गये व केला अमरूद का प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयन्ति पर हनुमान मंदिर व्यायामशाला भकरतपुर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। व्यायामशाला के संचालक वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार के पूर्व डायरेक्टर चुन्नी कप्तान ने उन्हें हिन्दी का कवि, ओजस्वी वाला पत्रकार, विपक्षी नेता, विदेश मंत्री प्रधानमंत्री के रूप में याद किया व कहा कि उन्हें देश के सभी राजनीतिक दलों ने महत्व दिया। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी विपक्षी दलों के साथ सौहार्द कायम करना चाहिए उन्हें अपना दुष्मन न समझें वह भी देश के विकास के लिए समर्पित हैं। जाट सभा के बाबूसिंह रेंजर ने उनकी जयन्ति पर नदिया जोडने के कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में व्यायामशाला के पहलवान व सदस्यगण उपस्थित थे।

सुशासन दिवस मनाया

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी बाजपेयी की जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रारम्भ में अटल बिहारी वाजयपेयी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी देश के 10वे प्रधानमंत्री थे जो कि 3 बार देष के प्रधानमंत्री बने वे कवि, पत्रकार एवं प्रखर वक्ता थे वे भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे वे कुशल संगठन कर्ता के साथ-साथ प्रभावी नेतृत्वकर्ता थे। जिन्होने देश की राजनीति में सुचिता एवं स्वच्छता को स्थापित किया तथा सैद्धांतिक राजनीति को महत्व दिया उन्होने अपने जीवन के प्रारम्भ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में प्रचारक के नाते काम किया सही मायनो में देष के प्रति राष्ट्रवाद का भाव रखने वाले प्रभावी व्यक्तित्व थे। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, जिला महामंत्री बृजेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष श्यामसुन्दर गौड़, जगदीश अजान, मनोज खण्डेलवाल, रज्जन सिंह, प्रो. जग्गो सिंह, कुशलपाल सिंह राजावत, उत्तम शर्मा दीपक मुदगल पार्षद, मनीश पहलवान, संजीव षर्मा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

शौर्य दिवस मनाया

भरतपुर (निस)। महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति ने 25 दिसम्बर बुधवार को महाराजा सूरजमल बलिदान दिवसको शौर्य दिवस के रूप में मनाया। मीडिया प्रभारी डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि मडरपुर रोड स्थित निर्माणधीन जाटभवन पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह व विशिष्ठि अतिथि अनिल अनोखी व डॉ अमर सिंह सिनसिनवार रहे। इस अवसर पर दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मनीष प्रथम, हरिओम द्वितीय तथा रामू तृतीय स्थान पर रहे। हवन व बिचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान डॉ उदय भान सिंह व पूनम चौधरी रहे। बिचार गोष्ठी मे उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि महाराजा सूरजमल एक महान शासक, योद्धा व कूटनीतिक थे। उन्होंने भरतपुर की स्थापना की व अजेय लोहागढ बनाया। उन्होने अपने राज्य का विस्तार उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली तक किया। अनंत महिता शक्ति अध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने महाराजा जयसिंह के लडके ईश्वरी सिंह को जयपुर का शासक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनिल अनौखी ने कहा कि महाराजा सूरजमल को सभी जातियों का समर्थन था तथा वे मुगलो के अत्याचारो के खिलाफ लडे। हीरा सिंह आर्य, श्याम सिंह जघीना, वीरेन्द्र रैंजर व नरेन्द्र निर्मल ने काव्य पाठ किया। समिति सदस्य ओमप्रकाश सोगरवाल, थानसिंह सोलंकी, महावीर सिंह तोमर, देवी सिंह कुन्तल, सुधीरपाल सिंह, मनोज चौधरी ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की शुरूआत में महाराजा सूरजमल को श्रदासुमन अर्पित किये व अतिथियो का स्वागत माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरवीर सिंह, रामवीर सिंह डागुर, पूरन सिंह, निर्मल मडरपुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ उदय भान सिंह व डॉ सुधीर पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जरूरतमंद परिवारों को कम्बल बांटे

भरतपुर (निस)। मित्र भारत समाज संस्थान द्वारा सेवर जाट मडोली के जरूरतमंद परिवारों को कम्बल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति कुसुमलता शर्मा वरिष्ठ अध्यापिका, अध्यक्षता सुशीला कटारा, मुख्य संरक्षिका मित्र भारत समाज संस्थान ने की। विशिष्ट अतिथि दीवान शर्मा वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी एवं समाजसेवी, सोनू उपाध्याय महामंत्री भाजपा शहर भरतपुर एवं रामावतार कुंतल समाजसेवी रहे। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष कुलदीप भगवत कटारा ने कहा कि स्व. भगवत कटारा की प्रेरणा से जरूरतमंद की हर संभव सहायता की जावेगी एवं संस्थान का नववर्ष मिलन भी धूमधाम से मनाया जावेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुसुमलता शर्मा ने स्व. भगवत कटारा को महान समाजसेवी एवं प्रेरणास्त्रोत बताया। सोनू उपाध्याय महामंत्री भाजपा ने बताया कि स्व. भगवत कटारा गरीबों के मसीहा थे, हर वर्ष सर्दी के मौसम में गरीब, बेसहारा लोगों को सर्दी से बचाने के लिए उनके घर घर जाकर गरीब वस्त्र एवं कम्बल वितरित किया करते थे, अब उनके पुत्र कुलदीप भगवत कटारा इस मुहिम को आगे बढाने का काम कर रहे हैं और उन्हीं के पदचिंहों पर चल रहे हैं एवं संस्थान की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में लच्छो, हरि, दीपक शर्मा, आदि नगला के लोग उपस्थित रहे।

सुशासन दिवस पर निकाली रैली

करौली । संविधान दिवस,स्वर्गीय सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस के अवसर पर सुशासन रैली का आयोजन किया गया। सुशासन रैली का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा ने हरी झंडी दिखाकर किया। सुशासन रैली सर्किट हाउस से कलेक्ट्रेट करौली तक निकाली गई। इस अवसर पर नगरपरिषद एईएन विकास कुमार मीणा, नगरपरिषद के सहायक प्रशासनिक अधिकारी ब्रजभूषण शर्मा एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

शादी में सहयोग दिया

भुसावर भरतपुर (निस)। कस्बा भुसावर में गाड़िया लुहार परिवार की एक बेटी की शादी में सेठ गूजरमल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सहयोग किया गया है। जिसके लिए क्षेत्रवासियों ने ट्रस्ट का दिल से आभार जताया है। ट्रस्ट के सदस्य सतेंद्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा में निवास करने वाले गाडिया लौहार नैना की बेटी डाला की 25 दिसंबर बुधवार को शादी है। पार्षद अमर सिंह द्वारा जरूरतमंद गाडिया लोहार परिवार की मदद हेतु सेठ गूजरमल चौरिटेबल ट्रस्ट से अपील की गई।

तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम मनाया

भरतपुर (निस)। जघीना गेट स्थित आशाराम बापू आश्रम पर योग वेदांत सेवा समिति और युवा सेवा संघ के तत्वाधान में भव्य तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे सैकड़ों की संख्या में साधक भाई बहिन और बच्चे एकत्रित हुए। कार्यक्रम में नव विवाहिता ने भी तुलसी पूजन किया। कार्यक्रम के बाद अन्नकूट प्रसादी का वितरण हुआ। अंत में रमेश चंद सैनी अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

समारोह 27 को

सूरौठ । ब्राह्मण समाज चौबीसा क्षेत्र एवं तहसील सूरौठ के तत्वाधान में नव वर्ष मिलन समारोह 27 दिसंबर को सौमला वाले हनुमान जी के मंदिर पर आयोजित होगा । तहसील ब्राह्मण समाज सूरौठ महामंत्री वेद प्रकाश शर्मा व चौबीसा मंत्री हरिश्चंद्र शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज का नव वर्ष मिलन समारोह सोमला वाले हनुमान जी पर 27 दिसंबर को प्रात: 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

अस्पताल को कंबल किये भेंट

करौली (नि.स.) करौली के मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम की मॉर्निंग वॉक कमेटी ने पहल करते हुए जिला अस्पताल के मरीजों और उनके परिजनों के लिए 100 कंबल भेंट किए हैं। कंबल अस्पताल के स्टोर में रखे जाएंगे और अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेंगे। मरीजों के जाने के बाद वापस अस्पताल के स्टोर में जमा कराए जाएंगे। इस मौके पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने हॉस्पिटल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी रामकेश मीणा को कंबल भेंट किए हैं। अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी रामकेश मीणा ने अस्पताल में कंबलों कि कमी देखते हुए कमेटी के सामने प्रस्ताव रखा था। इसके बाद मॉर्निंग वॉक कमेटी कि ओर से अस्पताल को 100 कंबल भेंट करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मॉर्निंग वॉक कमेटी सदस्य और आरएसएस जिला संघ संचालक देवी सिंह,भरोसी स्वर्णकार ने अस्पताल प्रशासन को कंबल सौंपे हैं।

इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने अस्पताल में चद्दर, मरीजों के परिजनों को बैठने के लिए ब्रेंच और अन्य सामग्री की खरीद के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की भी घोषणा की है। इस दौरान डॉ.रामकेश मीणा ने बताया कि अस्पताल में अन्य परेशानियों के समाधान के लिए भी समय-समय पर भामाशाह आगे आते हैं और सहयोग करते हैं।

करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि अस्पताल में कमियों को दूर करने के लिए सरकार स्तर पर भी प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने आमजन से भी सहयोग की अपील की।

स्नेह मिलन समारोह 31 को

हिण्डौन सिटी । किराना व्यापार संघ द्वारा विगत दिनों एक बडी मिटिंग अग्रवाल धर्मशाला कटरा बाजार में रखी गयी। मिटिंग में संगठन की समस्त कार्यकारिणी, शहर के सभी 12 सैक्टरों के सैक्टर प्रभारी, और संगठन के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

किराना अध्यक्ष अनिल गोयल ने बताया कि इस मिटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि हमेशा कि तरह इस वर्ष भी किराना व्यापार संघ हिण्डौन सिटी अपने किराना परिवार के सदस्यों का स्नेह-मिलन और सहभोज रखेगा। कार्यक्रम 31 दिसम्बर मंगलवार को सांय चार बजे से आयोजित किया जाऐगा। उक्त मीटिंग में संगठन के महेन्द्र (दिनेश-उमेश), जीतेन्द्र (महू वाले), बसन्त (फ्रंटियर डिस्ट्रीब्यूटर), राकेश (गायत्री टेडर्स) पवन (बी एन), दिनेश (श्रीराम), सुनील गुप्ता, वृजेश (गौमती), रामगोपाल, भुवनेश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया

हिण्डौन सिटी । भरतपुर संस्थापक महाराजा सूरजमल का 261 वां बलिदान दिवस समारोह महाराजा सूरजमल स्कूल जट नगला में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि करौली के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमाना राम जी रहे मुख्य वक्ता हिंडौन पंचायत समिति के विकास अधिकारी लखन सिंह कुंतल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंडौन सहकारी समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने की विशिष्ट अतिथि मनीष चौधरी निदेशक निर्मल एजुकेशन ग्रुप एवं महेश बेनीवाल निर्देशक सौरभ कैंपस खेड़ा रहे । कार्यक्रम के संयोजक विजय सिंह डागुर एवं चरण सिंह सोलंकी ने बताया कि राजस्थान जाट महासभा करौली द्वारा आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमाना राम ने महापुरुषों के जीवन से शिक्षा लेने तथा व्यसनों से दूर रहने की अपील की उन्होंने पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने नशा से दूर रहने मोबाइल के दुरुपयोग से बचने तथा हेलमेट का प्रयोग करने का आग्रह किया हिंडौन पंचायत समिति विकास अधिकारी लखन सिंह कुंतल ने महाराजा सूरजमल की तरह सामाजिक समरसताको अपनाते हुए प्रदेश एवं देश को विकास करने के लिए लोगों को अग्रेषित किया। इस अवसर पर महेश बेनीवाल ने अपने कॉलेज में पांच गरीब छात्रों को प्रतिवर्ष अध्यापन कराने की घोषणा की । इस अवसर पर तेज सिंह, जमालपुर भरत सिंह ढिंढोरा सूरोठ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हरीश शर्मा, हिंडौन ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अशोक शर्मा जाट समाज 84 के पूर्व महामंत्री अमर सिंह बेनीवाल बाढ कसौली के सरपंच दिनेश जाटव उधमसिंह डागुर शेरपुर विक्रम पाल सिंह जादौन तेज सिंह सोलंकी नाहर सिंह सरपंच सेवक राम डागुर सरपंच हुकमीखेड़ा भगत सिंह डागुर सतपाल चौधरी बाबूलाल डागुरथानेदार जगदीश भाकर लक्ष्मण सिंह मानसिंह घनश्याम डागुर शोमली बॉलर डागूर दलवीर धधावली शिव सिंह शेरपुर रामचरण लाल डागुर बहादुर सिंह कैलाशचंद शर्मा ढिंढोरा वेद प्रकाश शर्मा सूरोठ जयसिंह रौतावर सोमला नरेंद्र तोमर पीपलखेड़ा हिम्मत सिंह पीपलखेड़ा मानवेंद्र शेरपुर कल्याण सिंह डागुर सहित सैकड़ो लोगों ने महाराजा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

माली समाज की बैठक संपन्न

करौली (नि.स.) आगामी 3 जनवरी को सावित्री बाई फुले जयंती पर वर्ष 2024 में सेवानिवृत,नव नियुक्त कर्मचारी,अधिकारियो और छठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन के 33 जोड़ो को सम्मानित किया जायेगा।

जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान में माली समाज की बैठक संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें छात्रावास विकास को आर्थिक सहयोग एकत्रित करने एवं 3 जनवरी 2025 को सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर वर्ष 2024 में हुए सेवानिवृत एवं नवनियुक्त कर्मचारी,अधिकारियो और छठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन के 33 जोड़ा सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया। मां सावित्रीबाई फुले का जयंती कार्यक्रम 3 जनवरी को प्रात: 10:00बजे शुरू होगा। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने उपस्थित समाज बंधुओ से छात्रावास विकास में आर्थिक सहयोग के लिए भामाशाहों को अधिक से अधिक आगे आने की अपील कि। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा का उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने के कारण समाज के युवा पढ़ लिखकर बेरोजगार हो गए हैं बेरोजगारी के कारण मानसिक दबाव के चलते गलत रास्ते पर जा रहे हैं युवाओं को गलत रास्ते पर जाने से रोकने के लिए हमें रोजगार उन्मुख शिक्षा से बच्चों को जोड़ना होगा जिससे कि युवाओं में शिक्षा के साथ रोजगार कि समझ विकसित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि छात्रावास के विकास के लिए हर घर से राशि एकत्रित करनी होगी। बैठक को जिला कर्मचारी अधिकारी संघ के अध्यक्ष तुलसीराम सैनी ने कहा कि छात्रावास विकास के लिए हम सबको एक होकर राशि एकत्रित करनी होगी। यूनियन बैंक के ब्रांच मैनेजर कमरसिंह सैनी ने बैठक में कहा कि हमें युवाओं के भविष्य को सुधारने के लिए कोचिंग कक्षाओं का संचालन अलग-अलग विषय विशेषज्ञ बुलाकर करना होगा इसके लिए विषय विशेषज्ञों से संपर्क कर उनके द्वारा मार्गदर्शन कक्षाएं भी संचालित की जानी है जिससे युवा अति शीघ्र रोजगार सरकारी व निजी क्षेत्र में पा सकेंगे।युवा जिला अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि संस्था द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों में युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु

हिण्डौन सिटी । न्यू बजरंग मण्डल क्रिकेट क्लब क्यारदाकला कि ओर हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल के 261वे बलिदान दिवस पर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ ।

आयोजन कमेटी के सदस्य बल्लू टाईगर ने बताया कि प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान युवा जाट महासभा करौली जिलाध्यक्ष करतार सिंह चौधरी धंधावली रहे व विशिष्ट अतिथि भीम सिंह फौजी, शिवराम पटेल, अमित शर्मा, ओमवीर बैनीवाल जी रहे। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारंभ फीटा काट व राष्ट्रगान के साथ किया और उद्घाटन मैच का टोस कराया जिसमें हिण्डोन टीम टोंस जीतकर फिल्डिंग करने का निर्णय लिया ।

स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ

करौली । संविधान दिवस स्वर्गीय सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस का आयोजन सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने की इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सुशासन दिवस की शपथ दिलवायी, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक करौली, दर्शन सिंह गुर्जर एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद सभापति पूनम पचैरी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारत रत्न स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी, स्वर्गीय बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण करके किया। विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने इस अवसर पर बताया कि सुशासन दिवस मनाने का उद्देश्य उत्तरदायी, पारदर्शी एवं जबावदेयी प्रशासन के सुविचारों से अवगत कराया जाना है। उन्होंने युवाओं को स्वर्गीय वाजपेयी जी के आदर्शो को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के अध्यापक राजेश कुमार मीणा ने स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी जी के मेरी 51 कवितायें संकलन से "आओं फिर से दिया जलाऐं", "गीत नया गाता हू", "कौन कौरव कौन पांडव" का वाचन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, पशुपालन के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा, एईएन नगर परिषद विकास मीणा, जनसंपर्क कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सोनू कुमार जांगिड आदि मौजूद थे।

शाही तालाब जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

रूपवास । कस्बे के बीचों बीच स्थित मुगलकालीन शाही तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी योगेश कुमार पिप्पल ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा भानुप्रताप सिंह राजावत,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, पूर्व जिपस वीरविक्रम सिंह परमार,भूरा भगत,पूर्व सरपंच राकेश भातरा,शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन शर्मा,पंचायत समिति सदस्य दिनेश भातरा,किसान मोर्चा के नीरज गौड़,रूदावल प्रभारी सुनील पाराशर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का साफा बांधकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधायक ने पूजा अर्चना कर शाही तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत ने कहा कि रूपवास को रूप बसंत की नगरी कहा जाता है। कस्बे के बीचों बीच मुगलकालीन शाही तालाब बना हुआ है। यह शाही तालाब रूपवास में पुराने समय से ही विख्यात है। कस्बे में शाही तालाब की काफी समय से दुर्दशा हो रही थी। जहां पहले शाही तालाब के पानी को लोग अपने प्रयोग में लेते थे। वहीं अब गंदगी के चलते तालाब का पानी पूरी तरह से खराब हो चुका है। इस पानी मे से सड़ाध आती है। विधायक होने के नाते कस्बे के जनता ने मुझसे इस शाही तालाब के जीर्णोद्धार की मांग की थी। जिसपर सरकार ने भी शाही तालाब के जीर्णोद्धार की मांग को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए इसके लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए को राशि स्वीकृत करते हुए जारी की है। इस राशि से अब कस्बे के शाही तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा होगा। विधायक ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है। जिस दिन रूपवास का शाही तालाब अपने बिखरे हुए स्वरूप में न हो होकर अपने मूल रूप में आएगा। जिन कार्यों को लेकर मैंने जनता के साथ मिलकर पिछले 15 साल संघर्ष किया अब उन सभी कार्यों को कराकर रूपबास के स्वरूप को निखारने में भरसक प्रयास करूंगी। विधायक ने कहा कि शाही तालाब का जीर्णोद्धार होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। नगरपालिका का आय स्त्रोत बढ़ेगा। दूर - दराज के लोग शाही तालाब के मूल स्वरूप को देखने के लिए रूपवास आएंगे। अब हमारा कत्तर्व्य है कि हम हमारे इस शाही तालाब को गंदा न करें। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर युवा नेता अवनीश शर्मा के नेतृत्व में व वाल्मीकि समाज के लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक डॉ ऋतु बनावत को ज्ञापन सौपा। वहीं विधायक उनकी मांगों को पूर्ण कराने का आश्वाशन दिलाया।

विजयवाला शर्मा का किया स्वागत सम्मान

सूरौठ । राजस्थान सरकार द्वारा विशिष्ट संगठन योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र 10 दिवसीय निशुल्क अंतरंग, अर्श,भगंदर, क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन समारोह मंगलवार को अग्रसेन वाटिका स्टेशन रोड सूरौठ में आयोजित हुआ शिविर प्रभारी डॉक्टर राम रूप मीणा व सह प्रभारी डॉक्टर गोपाल सहाय शर्मा ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक बयाना कृष्ण राज जांगिड़ रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि राम अवतार शर्मा ने की उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग करौली डॉ नंदकुमार शर्मा , घनश्याम शर्मा,पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष घनश्याम भुकरावली, महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय वाला शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि कृष्णराज जांगिड़ ने कहा कि आर्